Bareilly, Monday,
6 April 2026
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO, 04, TOP

विश्वेंद्र के शतक और देवांश की फिरकी से जीती SRMS एकेडमी

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (4 April): श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट (सीजन-6) के चौथे और पांचवें मुकाबले में बल्लेबाजों का दबदबा रहा.एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इन मैचों में रनों की जमकर बरसात हुई और दो शानदार शतक देखने को मिले चौथा मैच बजाज टैक्सटाइल अमरोहा और 22 याइर्स पीलीभीत के बीच दूधिया रोशनी में खेला गया.पीलीभीत ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी, लेकिन अमरोहा के ओपनर शोएब सिद्दीकी ने मैदान के चारों ओर चौकों-छक्कों की झड़ी लगा दी.शोएब ने मात्र 62 गेंदों पर 15 चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 113 रन बनाए.कप्तान नयन गुप्ता की 48 रनों की तूफानी पारी की बदौलत अमरोहा ने टूर्नामेंट का रिकार्ड 254 स्कोर बनाया.लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीलीभीत की टीम ने अभी 4.1 ओवर में 19 रन ही बनाए थे कि तेज आंधी और वर्षा ने खलल डाल दिया.मैच दोबारा शुरू न होने के कारण अंपायरों ने इसे ड्रा घोषित कर दोनों टीमों को एक-एक अंक दे दिया.

विजेता टीम के कैप्टन को सम्मानित किया गया.

रोमांचक रहा पांचवा मुकाबला

रविवार को हुए पांचवें मुकाबले में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी का सामना 22 याइर्स पीलीभीत से हुआ. एसआरएमएस के विश्वेंद्र चौधरी ने ऐतिहासिक पारी खेलते हुए 67 गेंदों पर नाबाद 123 रन (16 चौके, 5 छक्के) बनाए, जिससे टीम ने 20 ओवर में 201 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया.जवाब में पीलीभीत की टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई.एसआरएमएस के गेंदबाज देवांश मूर्ति ने धारदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट झटके और विपक्षी टीम को मात्र 15.2 ओवर में 94 रन पर समेट दिया.एसआरएमएस एकेडमी ने यह मैच 107 रनों के बड़े अंतर से जीत लिया.शानदार प्रदर्शन के लिए विश्वेंद्र चौधरी को 'मैन आफ द मैच' चुना गया.सोमवार को दोपहर दो बजे से मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन बनाम एसआरएमएस किंग्स बरेली और शाम 6:30 बजे से आईके नेक्स्ट जनरेशन बरेली बनाम जीका इलाहाबाद का मुकाबला होगा.